13. बंदर गया खेत में भाग

0117CH13



बंदर गया खेत में भाग,
चुट्टर-मुट्टर तोड़ा साग।

आग जलाकर चट्टर-मट्टर,
साग पकाया खद्दर-बद्दर।

सापड़-सूपड़ खाया खूब,
पोंछा मुँह उखाड़कर दूब।

चलनी बिछा, ओढ़कर सूप,
डटकर सोए बंदर भूप।



© NCERT not to be republished

क्या बिछाया, क्या ओढ़ा?

बंदर चलनी बिछाकर, सूप ओढ़कर सो गया।
लिखो, ये कैसे सोएँगे?

	क्या बिछाएँगे?	क्या ओढ़ेंगे?
हाथी :	....	....
चींटी :	....	....
गिलहरी :	....	....
शेर :	....	....



झटपट झटपट, खटपट खटपट

साग पकाया ....खद्दर बद्दर........
खाया सबने ....
पानी पिया ....
मारे खर्राटे ....
गिरे पलंग से ....

2019-2020

भागो, भागो, भागो!!

बंदर खेत से साग तोड़कर भागा। कौन-कौन से काम करने के बाद तुम्हें भागना पड़ता है?

.....

.....

.....

.....

.....

इसमें कितनी तरह की टोपियाँ और पगड़ियाँ हैं? बताओ।

© NCERT not to be republished